Tony Evers
Governor

Kirsten L. Johnson
Secretary

State of Wisconsin
Department of Health Services

DIVISION OF PUBLIC HEALTH

1 WEST WILSON STREET
PO BOX 2659
MADISON WI 53701-2659

Telephone: 608-266-1251
Fax: 608-267-2832
TTY: 711 or 800-947-3529

अप्रैल 2024

Wisconsin Department of Health Services, Division of Public Health (स्वास्थ्य सेवा विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य डिवीज़न) और हमारे Tobacco Prevention and Control Program (तंबाकू रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम) की ओर से शुभकामनाएं। मैं यह पत्र Wisconsin में तंबाकू और वेप के सभी खुदरा विक्रेताओं को धन्यवाद देने के लिए लिख रहा/ही हूं जो हमारे राज्य में संघीय तंबाकू 21 न्यूनतम कानूनी बिक्री आयु कानून का पालन करने का ध्यान रखते हैं।

संघीय न्यूनतम कानूनी बिक्री आयु कानून अमेरिका में लागू किसी भी भिन्न राज्य कानून के स्थान पर लागू होता है। यह Wisconsin में सच है, जहां राज्य तंबाकू और वेप बिक्री कानून को, जिसमें 18 वर्ष की आयु निर्धारित है, अभी तक संघीय कानून से मेल खाने के लिए अपडेट नहीं किया गया है, जिसमें 21 वर्ष की आयु निर्धारित है। स्पष्ट रूप से, Wisconsin तंबाकू और/या वेप खुदरा विक्रेता के रूप में, आपके लिए संघीय तंबाकू 21 कानून का पालन करना आवश्यक है।

Food and Drug Administration (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) (FDA) निरीक्षक कम उम्र में बिक्री के लिए Wisconsin में तंबाकू खुदरा विक्रेताओं के स्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। FDA जनता को कम उम्र में तंबाकू की बिक्री और/या गलत विज्ञापन और लेबलिंग की रिपोर्ट करने के लिए एक सिस्टम भी संचालित करता है, जो आपके खुदरा बिक्री स्थान (स्थानों) पर गुप्त दौरा कर सकता है। FDA $10,000 तक नागरिक आर्थिक जुर्माना लगा सकता है।

हम समझते हैं कि आप और आपका व्यवसाय तंबाकू 21 बिक्री कानून का पालन करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित कैशियर और स्टोर कर्मचारियों पर भरोसा करता है। इस कारण से, हमने आपके टीम के सदस्यों के लिए, Wisconsin में न्यूनतम कानूनी बिक्री आयु के बारे में जानने, उनके ज्ञान का परीक्षण करने और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए, witobaccocheck.org पर एक निःशुल्क ऑनलाइन प्रशिक्षण उपकरण प्रदान किया है। Wisconsin राज्य के कानून के अनुसार खुदरा विक्रेताओं के लिए अपने कर्मचारियों को तंबाकू और वेप बिक्री कानूनों पर प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

हमने आपके ग्राहकों को तंबाकू 21 कानून के बारे में बताने में आपकी मदद करने के लिए निःशुल्क उपकरण प्रदान किया है। जब आप Wisconsin की तंबाकू 21 वेबसाइट

www.dhs.wisconsin.gov/tobacco/tobacco21 पर विजिट करते हैं, तो आपको Wisconsin तंबाकू21 मीडिया अभियान के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी, ड्राइवरों के लाइसेंस की जांच करने के बारे में सुझाव प्राप्त होंगे और आप अपने स्टोर और कर्मचारियों के लिए निःशुल्क संकेत, पोस्टर, और बटन ऑर्डर कर सकेंगे।

इससे बहुत फर्क पड़ता है कि कोई व्यक्ति किस उम्र में तंबाकू और निकोटीन का सेवन शुरू करता है। किशोर और युवा अपने मानसिक स्वास्थ्य और मस्तिष्क के विकास पर निकोटीन के नकारात्मक प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं, और ये समस्याएं उनके वयस्क होने के बाद भी उनके पीछे पड़ी रह सकती हैं। हम एक साथ काम करके, Wisconsin के सभी निवासियों की स्वस्थ, खुशहाल जीवन जीने में मदद कर सकते हैं।

हम तंबाकू और वेप उत्पादों को किशोरों और युवाओं के हाथों से दूर रखने के लिए खुदरा विक्रेताओं के साथ साझेदारी की वास्तव में सराहना करते हैं। अपना योगदान देने के लिए आपको धन्यवाद।

धथ्यिवाद,

Paula Tran
State Health Officer and Administrator (राष्थ्यि सथ्वासथ्थ्य अधरथ्कारी और परथ्शासक)